| FA | 1 |
|---|---|

# राज्य स्तरीय आकलन

## सत्र 2019–20

## सुझावात्मक गतिविधियाँ

**कक्षा :** 2 **विषय :** गणित

Paper Code : 2031 **पूर्णांक :** 10

**निर्देश – खण्ड 'अ' से कोई एक गतिविधि तथा खण्ड 'ब' से कोई एक गतिविधि करावें।**

### खण्ड अ

**(अंक 05)**

**LO-M-201**-दो अकों की संख्या के साथ कार्य करते हैं।

गतिविधि – 01 (बंडल व तीली से संख्या बनाओ)

1. शिक्षक स्ट्रा/तीलियों के कुछ बंडल व कुछ खुली तीलियाँ रखें। शिक्षक कक्षा को दो समूहों में विभक्त करें। प्रथम समूह के बच्चों से कुछ बंडल व कुछ खुली तीलियाँ उठाने को कहें। दूसरे समूह के बच्चों को पहले समूह द्वारा उठाई गई तीलियों की संख्या बताने को कहें।

2. इसी प्रकार दूसरे समूह द्वारा उठाई गई बंडल/खुली तीलियाँ की संख्या को पहले समूह द्वारा बताने को कहें, इस प्रकार गतिविधि को आगे बढ़ाये।

| क्र | समूह | संख्या | बंडल | तीलियाँ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | |
| 2 | | | | |
| 3 | | | | |

गतिविधि – 02 (कितने वस्तुएँ हैं)

1. कक्षा को उचित व आवश्यकतानुसार समूह में विभाजित करें।
2. किसी एक समूह/बच्चे से कोई एक संख्या बोलने को कहें तथा प्रत्येक समूह/बच्चे को उतने ही संख्या के बराबर कंकड़ निकालने के लिए कहें व ढेरी बनवायें। प्रत्येक समूह/बच्चे के सामने रखी हुई कंकड़ की ढेरी को शिक्षक के मेज पर लाकर बड़ी ढेरी बनवाए। बड़ी ढेरी के कंकड़ों को गिनकर दिए गए तालिका को पूर्ण करवाएं।

| क्रमांक | संख्या | 10–10 कंकड़ की ढेरी की संख्या | कुल कंकड़ों की संख्या |
|---|---|---|---|
| | | | |

गतिविधि – 03 बोलो और चीजें निकालो

1. कक्षा को आवश्यकतानुसार समूहों में विभाजित करें। कक्षा में कुछ वस्तुएँ जैसे स्ट्रा (पाईप), माचिस/बांस की तीली दस व एक के नकली नोट आदि उपलब्ध करायें, जिसकी संख्या कम से कम 100 हों। पहले समूह से संख्या बोलने कहें और दूसरे समूह  के बच्चे उतनी ही संख्या में वस्तुएँ बाहर निकालें। इसके बाद दूसरे समूह को संख्या बोलने कहें और पहले समूह से उतने ही वस्तुएँ बाहर निकालने कहें।
2. यह गतिविधि समूह के प्रत्येक बच्चे से करवायें।

**खण्ड ब**

**(अंक 05)**

| |
|---|
| **LO-M-201-** दो अकों की संख्या के साथ कार्य करते हैं। |

गतिविधि – 01 कौन कहाँ पर है

1. कक्षा के बच्चों को 5–5 के समूह में विभाजित करें। प्रत्येक समूह के 4 बच्चे को ऊँचाई के बढ़ते / घटते क्रम में खड़े होने को कहें। पाँचवा बच्चा बनाए गई लाइन का अवलोकन करें और सभी बच्चों के स्थान को बतायें। उक्त गतिविधि छोटे / बड़े बच्चे को पहले क्रम पर रखकर अन्य बच्चों के स्थान के क्रम की पहचान करायें।
2. यह प्रक्रिया समूह के प्रत्येक बच्चों से करायी जाए।

गतिविधि – 02 सम / विषम संख्या

1. कक्षा को दो समूह या आवश्यकतानुसार समूह में विभक्त करें। एक समूह द्वारा संख्या बोलने पर दूसरा समूह उसे अंकों में लिखें। दूसरे समूह के द्वारा संख्या बोलने पर पहला समूह उसे अंकों में लिखें।
2. प्रत्येक समूह अपने द्वारा लिखी गई संख्या के अनुसार कंकड़ पत्थर निकालकर उसकी जोड़ी बनायें तथा जोड़ी बनाने के आधार पर सम / विषम संख्या के होने की पहचान करें। यह प्रत्येक बच्चे से करवायें।

गतिविधि – 03 ( कितने खुले कितने बंडल)

1. कक्षा को आवश्यकतनुसार समूह में विभक्त कर प्रत्येक समूह से तीलियों के कुछ बंडल तैयार कराएँ।

2. अब प्रत्येक समूह को कुछ बंडल एवं तीलियाँ देवें तथा उसमें से कुछ बंडल व खुले तीलियाँ अलग–अलग करने को कहें। शेष तीलियाँ एवं बंडलों की गिनती कर संख्या लिखने कहें।